# अपनी बात

अंक : 493 वर्ष 39

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 31 जुलाई, 2015


## डिजिटल इंडिया सप्ताह का शुभारंभ




सीसीएल निदेशकगण एवं अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण सीधे प्रसारण को देखते हुए

माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिल्ली स्थित "इंदिरा गांधी स्टेडियम" में डिजिटल इंडिया सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर विगत 01 जुलाई को "विचार मंच" में बड़ी संख्या में सी.सी.एल. कर्मी कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के साक्षी बने एवं डिजिटल इंडिया के उद्देश्य को ध्यानपूर्वक देखा और समझा।

इस अवसर पर निदेशक(तकनीकी/संचालन) श्री पी.के. तिवारी, निदेशक(वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक(कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, मुख्य सत्तर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद, मुख्यालय के मुख्य–महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष तथा सी.सी.एल. के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## सी.सी.एल. पर्यावरण संरक्षण में भी अव्वल

विगत 05 जून, 2015 को "विश्व पर्यावरण दिवस" के अवसर पर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने सी.सी.एल., पिपरवार क्षेत्र को न्यूनतम उर्जा




पूर्व प्रधान सचिव श्री मुख्तायार सिंह एवं प्रदूषण नियंत्रण पर्षद अध्यक्ष श्री ए के मिश्र पर्यावरण पुरस्कार देते हुए

खपत के साथ खनन एवं जल प्रबंधन के क्षेत्र में सराहनीय प्रयास के लिए पर्यावरण पुरस्कार प्रदान किया है। रांची स्थित बी.एन.आर. चाणक्य होटल में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि तथा पूर्व प्रधान सचिव श्री मुख्तयार सिंह और प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष श्री ए.के. मिश्र ने पिपरवार क्षेत्र को पर्यावरण पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

पिपरवार क्षेत्र को बधाई देते हुये सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह ने सभी को संदेश दिया कि पेड़–पौधे मनुष्य के मित्र हैं और हम सभी का कर्तव्य बनता है कि पर्यावरण को हम न सिर्फ बचायें बल्कि उसको और सुन्दर बनाने में अपना योगदान दें। सी.सी.एल. यदि एक एकड़ जंगल काटता है तो 3(तीन) एकड़ से अधिक भूमि में जंगल लगाता है। इस कारण सी.सी.एल. के कमांड क्षेत्रों में "हरे–भरे क्षेत्र" में लगातार वृद्वि होती रहती है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

विगत 5 जुलाई को नया भूसुर, लालखंटगा गाँव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन कर 147 ग्रामीणों सहित बच्चों को निःशुल्क दवा एवं चिकित्सीय सलाह प्रदान की गई। डॉ पी.के. गुप्ता सी.एम.एस.(सीएसआर), डॉ. नन्दीता अग्रवाल (आंख विशेषज्ञ), डॉ. ए.के सिंह (त्वचा विशेषज्ञ), डॉ. रागीणी श्रीवास्तव, डॉ. अरूण हेम्ब्रम, डॉ कुमारी उमा ने ग्रामीणों के साथ–साथ स्कूली बच्चों को निःशुल्क दवा एवं चिकित्सीय सलाह प्रदान की।

निदेशक(कार्मिक), सी.सी.एल., श्री आर.एस. महापात्र अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र के साथ स्वाथ्य शिविर में गये और उन्होंने बच्चों से व्यक्तिगत रूप से वार्तालाप कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। श्री महापात्र ने कहा कि निगमित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) के क्षेत्र में कंपनी कई कल्याणकारी कार्य कर रही है और स्वास्थ्य की सुविधा में विशेष ध्यान दे रही है।

इसी क्रम में विगत 21 जुलाई को अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (AIIMS), नई दिल्ली के प्रख्यात डॉ. संदीप महाजन (नेफ्रोलॉजिस्ट) केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर में 35 मरीजों का निःशुल्क ईलाज किया गया। इस शिविर में सी.सी.एल. के विभिन्न क्षेत्रों के साथ–साथ झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों ने निःशुल्क चिकित्सीय जॉच तथा सलाह ली। डॉ. महाजन ने किडनी (गुर्दे) रोग से बचाव व समय से गुर्दे रोग के डायगनॉसिस संबंधी विभिन्न जानकारीयाँ दीं।



निदेशक(कार्मिक) एवं उनकी धर्मपत्नी तथा सीसीएल चिकित्सक स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों के साथ

25 जुलाई को बरियातु स्थित ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय, चेशायर होम और वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कर सीसीएल के चिकित्सकों ने 104 व्यक्तियों को निःशुल्क दवा एवं चिकित्सीय सलाह प्रदान की। इस शिविर के आयोजन से 42 बच्चे, महिलाएं एवं अन्य लाभान्वित हुए।

29 जुलाई को हातमा स्थित सामुदायिक भवन में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 105 ग्रामीण मरीजों की जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई गई।

## सी.एम.डी. सम्मानित

हमारे अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, श्री गोपाल सिंह, के नाम की अनुशंसा अध्यक्ष–प्रबंध निदेशक, नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन(एन.एम.डी.सी.) के पद पर पी.ई.एस.बी. के द्वारा किए जाने पर सी.सी.एल. कर्मियों ने विगत 02 जुलाई को सी.सी.एल. मुख्यालय, रांची के "विचार मंच" में सम्मान समारोह का आयोजन कर उनकी इस अप्रतिम उपलब्धि के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी एवं सम्मानित किया।




सीएमडी श्री गोपाल सिंह को सम्मानित करते सीसीएल के निदेशकगण

पब्लिक इंटरप्राईज सेलेक्शन बोर्ड ने 01 जुलाई, 2015 को नई दिल्ली में अध्यक्ष–प्रबंध निदेशक एन.एम.डी.सी. के पद के लिए साक्षत्कार का आयोजन कर श्री गोपाल सिंह के नाम की अनुशंसा की है।

## दावत–ए–इफ्तार का आयोजन




दावत–ए–इफ्तार के मौके पर निदेशक(तक./सं.) श्री पी के तिवारी सभा को संबोधित करते हुए

मुख्यालय, रांची के "विचार मंच" में विगत 16 जुलाई को दावत–ए–इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निदेशक(तकनीकी संचालन), श्री पी.के. तिवारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर आपसी भाई–चारा एवं साम्प्रदायिक सौहार्द का परिचय दिया।

मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि सामूहिक भागीदारी से साम्प्रदायिक सौहार्द और एकता में बढ़ोतरी होती है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को सी.सी.एल. परिवार की ओर से शांति और समृद्वि की शुभकामनाएँ दी तथा ईद–उल–फितर की अग्रिम बधाई दी।

विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अहमद सज्जाद ने रोजे की महत्ता और पाक कुरान के संदेशों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सी.सी.एल. परिवार को इस आयोजन के लिए मुबारकबाद दी।

> "इंतजार करने वालों को सिर्फ उतना ही मिलता है, जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं"
> – डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)